प्रेस वार्ता

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–27.10.2023 (संख्या–350)

कुख्यात अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी।		
क्र.सं.	**जिला/थाना**	**संक्षिप्त**
01.	मोतिहारी/ रक्सौल	➢ **मोतिहारी पुलिस के द्वारा अपराध की बडी योजना नाकाम करते हुये गैंगस्टर लॉरेन्स विश्नोई एवं बिक्रम बरार गैंग के 02 सदस्यों को अवैध आग्नेयास्त्र के साथ किया गया गिरफ्तार।** ➢ **एक अपराधी हरियाणा एवं राजस्थान के कांडों मे था वांछित।** ➢ दिनांक–22.10.23 को रक्सौल थाना अंतर्गत गैंगस्टर लॉरेन्स विश्नोई एवं बिक्रमजीत सिंह उर्फ बिक्रम बरार ग्रुप के सक्रिय अपराधी को हथियार के साथ रक्सौल थाना क्षेत्र में देखे जाने तथा उनके द्वारा किसी बड़ी अपराधी घटना को अंजाम दिये जाने की गुप्त सूचना पर छापामारी कर अपराधकर्मी 01. शशांक पाण्डेय (बेतिया) एवं त्रिभुवन साह (मोतिहारी) को गिरफ्तार किया गया। ➢ गिरफ्तार अपराधकर्मी के पास से पिस्टल–01 (9 mm), कारतूस–02. नेपाली रुपया–2100 रुपये, भारतीय रुपया–1200 रुपये एवं मोटरसाइकिल–01 बरामद। ➢ गिरफ्तार अपराधकर्मी शशांक पाण्डेय के विरुद्ध अम्बाला थाना सेक्टर 9, अम्बाला पड़ाव थाना, शाहाबाद कुरूक्षेत्र थाना एवं चोमू जयपुर थाना में रंगदारी एवं फायरिंग, ज्वेलरी दुकान में डकैती एवं हथियार बरामदगी के कुल 04 कांड अंकित हैं। ➢ गिरफ्तार अपराधकर्मी त्रिभुवन साह के विरुद्ध मोतिहारी जिला के हरपुर थाना में 02 कांड अंकित हैं।
02.	भागलपुर/	➢ दिनांक–24.10.23 को **भागलपुर जिला तथा कटिहार जिला का टॉप–10 कुख्यात एवं इनामी अपराधी मोहन ठाकुर उर्फ मोहना ठाकुर का** जसीडीह (झारखंड) से छापामारी कर गिरफ्तार किया गया। ➢ मोहन ठाकुर उर्फ मोहना ठाकुर चर्चित कटिहार गैंगवार के दौरान हुई 05 हत्या का मुख्य अभियुक्त है। ➢ भागलपुर, कटिहार, मुंगेर, साहेबगंज एवं नेपाल में हत्या, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, रंगदारी, अपहरण, डकैती जैसे गम्भीर कांडों के कुल 30 मामले अंकित हैं।
03.	भागलपुर/	➢ **कुख्यात अपराधी मो0 आदिल सहित 04 गिरफ्तार।**

	नाथनगर, तातारपुर	➢ गुप्त सूचना के आधार पर भागलपुर के चर्चित धुरी यादव हत्याकांड, अफजल हत्याकांड (नाथनगर) एवं हाल में ही ततारपुर थाना अंतर्गत टिंकू अंसारी के मार्बल दूकान में हुयी गोलीबारी कांड के मुख्य सरगना सहित 02 कुख्यात अपराधी मो0 आदिल एवं मो0 मिखाइल को पश्चिम बंगाल के बोलपुर से गिरफ्तार किया गया तथा इनके स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर 02 अन्य अपराधी रंजीत ताँती एवं मो0 मिराज आलम को गिरफ्तार किया गया। ➢ गिरफ्तार अपराधी मो0 आदिल एवं मो0 मिखाइल के विरुद्ध जिले के विभिन्न थानों में हत्या, आर्म्स एक्ट, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के कई कांड अंकित है।
04.	सहरसा / सोनवर्षाराज	➢ **जिले के टॉप–10 वांछित फरार अभियुक्त मृत्युंजय यादव गिरफ्तार।** ➢ दिनांक–23.10.23 को सोनवर्षाराज थाना अंतर्गत जिले के कुख्यात टॉप–10 वांछित कुख्यात अभियुक्त मृत्युंजय यादव को छापामारी कर गिरफ्तार किया गया। ➢ देशी कट्टा–01, खोखा–01, कारतूस–01 बरामद। ➢ जिले के विभिन्न थानों में हत्या, लूट, डकैती, आर्म्स एक्ट सहित कुल–16 कांड अंकित है।
05.	मोतिहारी / पकड़ीदयाल	➢ दिनांक–20.10.23 को पकड़ीदयाल थाना अंतर्गत पकड़ीदयाल ढाका रोड के समीप वाहन जाँच के क्रम में 02 अपराधी 01. अशोक कुमाार पासवान, 02. अरविंद कुमार ठाकुर को अवैध आग्नेयास्त्र के साथ गिरफ्तार कर अपराध की योजना को नाकाम किया गया। ➢ देशी पिस्टल–01, देशी कट्टा–01, कारतूस–05 एवं अन्य सामान बरामद। ➢ गिरफ्तार अपराधकर्मी के विरुद्ध सीतामढ़ी एवं दरभंगा के विभिन्न थानों में आर्म्स एक्ट, रंगदारी, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के कई कांड अंकित है।
06.	नवगछिया / नवगछिया	➢ दिनांक–24.01.23 को नवगछिया थानान्तर्गत NH 31 लक्ष्मीपुर चौक पर स्थित बैंक ऑफ इंडिया नवगछिया शाखा में घटित **बैंक डकैती कांड में फरार वांछित कुख्यात अभियुक्त** सुमित कुमार उर्फ पिंटु को दानापुर स्टेशन से छापामारी कर गिरफ्तार किया गया। ➢ गिरफ्तार अपराधकर्मी के विरुद्ध कहलगाँव एवं नवगछिया थाना में लूट और डकैती के 02 कांड अंकित हैं।

उदभेदन		
01.	रोहतास / नटवार	➢ **लूट कांड का उदभेदन।** ➢ दिनांक–05.10.23 को नटवार थाना अंतर्गत फ्लिप कार्ट के डिलिवरी ब्वाय के हुयी लूट पाट की घटना के लिए गठित विशेष टीम के द्वारा घटना में संलिप्त 07 अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया। ➢ गिरफ्तार अपराधकर्मियों के पास से मोबाइल–05, इलेक्ट्रॉनिक सामान एवं कपड़ा एवं कार बरामद किया गया।
02.	मुंगेर / मुफसिल	➢ **अवैध मिनोगन फैक्टो का उदभेदन।** ➢ दिनांक–22.10.23 को मुफसिल थाना अंतर्गत तौफिक दियरा एवं भेलवा दियरा में मिनीगन फैक्ट्री संचालित कर अवैध आग्नेयास्त्र का निर्माण किये जाने की गुप्त सूचना पर छापामारी कर 04 हथियार तस्कर 01. मो0 अब्दुल सलाम 02. मो0 महबुब 03. मो0 कामरुद्दीन एवं 04. मो0 छोटू को गिरफ्तार किया गया। ➢ देशी पिस्टल–01, अर्द्वनिर्मित पिस्टल–03, बेस मशीन–04, ड्रिल मशीन–01, मैगजीन–05, हथियार बनाने वाले उपकरण एवं अन्य सामान बरामद किये गयें।